प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दोपहर समाचार

दिनांक 14.09.2024   समय: 2.10 PM

<u>हिन्दी दिवस–शाह</u>

देशभर में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिन्दी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में एक है और 52 करोड से अधिक लोगों की पहली भाषा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज हिन्दी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने वीडियो संदेश में इस वर्ष के हिन्दी दिवस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हिन्दी दिवस के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और यह उपलब्धि राजभाषा के रूप में हिन्दी की हीरक जयंती के रूप में मनाई जा रही है। गृहमंत्री ने कहा कि राजभाषा विभाग शीघ्र हिन्दी से आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एक पोर्टल का शुभारंभ करेगा। वहीं प्रदेश में हिन्दी दिवस के अवसर पर आज संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान अलंकरण समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भोपाल के रवीन्द्र भवन किया जा रहा है। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के साहित्य सृजन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देश और दुनिया के प्रतिष्ठित लेखकों का सम्मान किया जाएगा। नर्मदापुरम जिले में आज हिंदी दिवस पर अनेक कार्यक्रम और संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं।

....

<u>तूर्यनाद– 24 महोत्सव</u>

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विद्यार्थी अनुशासित और संयमित रह कर आदर्श नागरिक बने। अपने जीवन और शिक्षा की यात्रा में उपयोगी चीजों को ही महत्व दे। नैतिकता, अनुशासन और एकाग्रता को भंग करने वाली गतिविधियों से दूर रहे। राज्यपाल श्री पटेल मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में आयोजित तूर्यनाद– 24 महोत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

....

<u>मुख्यमंत्री न्याय</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्व सम्मानित किए जाने चाहिए। महाराजा विक्रमादित्य ने दानशीलता, वीरता, सुशासन और न्यायप्रियता के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए थे। इस नाते महाराजा विक्रमादित्य के नाम से न्याय के क्षेत्र में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एक पुरस्कार प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान भोपाल में विक्रमोत्सव–2025 की रूपरेखा पर मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। विक्रमोत्सव 26 फरवरी से 05 जून 2025 की अवधि में महाशिवरात्रि से गंगा दशहरा तक आयोजित होगा। बैठक में बताया गया कि कोलकाता की निजी संस्था द्वारा विक्रमोत्सव–2024 को एशिया के सबसे लंबी अवधि तक चलने वाले आयोजन के रूप में पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

....

मांडविया श्रमिक सुधार

श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया कल गुजरात के राजकोट में पश्चिमी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तीसरी क्षेत्रीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में श्रम सुधारों, ई–श्रम–असंगठित श्रमिकों के राष्ट्रीय डेटाबेस और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ केंद्र सरकार और राज्यों द्वारा की जा रही प्रमुख पहलों पर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा होगी। यह बैठक श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ चल रही राष्ट्रव्यापी परामर्श की श्रृंखला का एक हिस्सा है।

....

नेशनल लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज प्रदेश की हाईकोर्ट से लेकर जिला स्तर, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों और अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जबलपुर,नर्मदापुरम,कटनी,रायसेन,बड़वानी सहित अन्य जिलों में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसमें न्यायालयों में लंबित विभिन्न राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निबटारा किया जायेगा। इनमें विद्युत चोरी, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक सिविल, भू–अर्जन जैसे मामले शामिल हैं।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को इंजीनियरिंग की शिक्षा प्रदान करने के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय देवास में संचालित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउसलिंग के दूसरा चरण का पंजीयन 15 सितम्बर तक किया जा रहा है।
- भगवान श्रीकृष्ण के उत्सव का पर्व डोलग्यारस आज आगरमालवा जिले में भी श्रद्धा आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है।
- पन्ना जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत कल बृजपुर में पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया।
- सतना जिले में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर के लिए कृषक पुरस्कार एवं कृषक समूह पुरस्कार के लिए 10 अक्टूबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।
- शिवपुरी जिले में स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिले में स्वाइन फ्लू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाए गए हैं।
- जबलपुर, कटनी, सतना से गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द और शार्ट टर्मिनेट करने का निर्णय लिया गया है।

....